# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

DIGITAL - EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 19 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - शनिवार, 05 जुलाई 2025 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4


## ठेले से कार टच होने पर विवाद

## युवक के साथ मारपीट, हुई मौत, 16 नामजद व 20 अन्य पर हत्या का केस दर्ज







**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा / जहाजपुर**

शहर के मुख्य बाजार में शुक्रवार शाम एक मामूली कहासुनी के बाद मारपीट की घटना में एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान टोंक जिले के छावनी निवासी सीताराम कीर (25) के रूप में हुई है। घटना के बाद इलाके में तनाव फैल गया और भीड़ ने देर रात अस्पताल परिसर में जमकर हंगामा किया।

पुलिस ने हालात को नियंत्रित करने के लिए 10 थानों का जाब्ता मौके पर तैनात किया है। वहीं, क्षेत्रीय विधायक गोपीचंद मीणा भी मौके पर पहुंचे और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर धरने पर बैठ गए।

पुलिस ने बताया की टोंक जिले के छावनी निवासी सीताराम अपने तीन साथियों–सिकंदर, दिलखुश और दीपक के साथ जहाजपुर किसी सामाजिक कार्यक्रम में शामिल होने आए थे।

शाम करीब 7:30 बजे के आसपास वे कार से मुख्य बाजार से गुजर रहे थे। इसी दौरान एक ठेले से कार टच हो गई , जिस पर कहासुनी शुरू हो गई। थोड़ी ही देर में वहां कई लोग एकत्र हो गए और सीताराम के साथ मारपीट करने लगे।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, लोगों ने सीताराम को कार से बाहर खींचकर सड़क पर पटक दिया और बुरी तरह पीटा, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे तुरंत स्थानीय अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

पुलिस ने प्राथमिक जांच के बाद हत्या का मामला दर्ज करते हुए 16 नामजद और 20 अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। वहीं, मुख्य आरोपी शरीफ पुत्र चांद मोहम्मद को गिरफ्तार कर लिया गया है, जो उस ठेले का मालिक बताया जा रहा है।

डिप्टी नरेंद्र कुमार पारीक ने बताया कि मामले में गहन जांच चल रही है। फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है, लेकिन एहतियात के तौर पर इलाके में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है।

घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में लोग अस्पताल परिसर में जुट गए। मृतक के परिजनों और समाज के लोगों ने आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी और उचित मुआवजे की मांग की। इस दौरान पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी।

पुलिस ने बताया कि मृतक के तीन साथी भी थाने लाए गए थे, जिन्हें पूछताछ के बाद छोड़ दिया गया।

## 50 हजार के ईनामी हथियार व नशा तस्कर बजरंग मीणा गिरफ्तार

### 12 आपराधिक मामलों में वांछित, वर्षों से था फरार , पुलिस टीम ने तकनीकी विश्लेषण से पकड़ा शातिर अपराधी



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। हथियारों और मादक पदार्थों की तस्करी के कुख्यात आरोपी बजरंग मीणा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इस पर आईजी अजमेर रेंज द्वारा 50 हजार का इनाम घोषित किया गया था।

इस विशेष ऑपरेशन को शाहपुरा व हमीरगढ़ थाना पुलिस, साइबर सेल, तथा डीएसटी की संयुक्त टीम ने अंजाम दिया। पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि वांछित व इनामी अपराधियों की धरपकड़ अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई।

**तकनीकी विश्लेषण से मिला सुराग, लंबे समय से था फरार**

एसपी ने बताया कि एएसपी शाहपुरा राजेश आर्य के सुपरविजन और डीएसपी ओमप्रकाश विश्नोई के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया था। आरोपी बजरंगलाल मीणा पुत्र अम्बालाल मीणा, निवासी टोंपा, थाना शाहपुरा, लंबे समय से फरार चल रहा था। वह बेहद चालाक और सतर्क था, हर बार पुलिस के पहुंचने से पहले स्थान बदल लेता था।

पुलिस टीम ने आरोपी के मित्रों और रिश्तेदारों पर मुखबिर तैनात किए। साइबर सेल द्वारा किए गए तकनीकी विश्लेषण के आधार पर उसके ठिकाने का पता लगाया गया और अंततः उसे पकड़ लिया गया।

**शाहपुरा थाने में दर्ज मामले और आपराधिक पृष्ठभूमि**

बजरंग मीणा शाहपुरा थाना क्षेत्र में नामजद अभियुक्त है, जिसमें उसने अन्य आरोपियों को अवैध हथियार उपलब्ध कराए थे।

पुलिस के अनुसार, आरोपी पर पहले से ही 12 गंभीर आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं, जिनमें 4 प्रकरण - एक्साइज एक्ट , 2 प्रकरण - एनडीपीएस एक्ट , 1 प्रकरण - डकैती, × प्रकरण - जानलेवा हमला व मारपीट , 1 प्रकरण - जालसाजी/धोखाधड़ी का है

**पहले भी हो चुकी है सजा, कई प्रकरणों में जारी है ट्रायल**

मीणा को वर्ष 2009 में फूलिया थाना क्षेत्र में दर्ज जानलेवा हमले के मामले में एवं वर्ष 2012 में एक्साइज एक्ट के दो मामलों में सजा मिल चुकी है। एवं अन्य मुकदमों में ट्रायल जारी है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, फूलिया, शाहपुरा, केकड़ी, प्रतापनगर, भैंसरोड़गढ़, चित्तौड़गढ़ जैसे थानों में इसके खिलाफ विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज हैं।

**टीम में शामिल रहे ये अधिकारी और जवान**

इस सफलता में शाहपुरा थाने से सब इंस्पेक्टर बालकिशन, हमीरगढ़ थाना प्रभारी संजय गुर्जर (विशेष योगदान), साइबर सेल के दीवान सत्यनारायण,कांस्टेबल दिनेश, बलवीर, जयप्रकाश, निम्बाहेड़ा कोतवाली से एएसआई सूरज कुमार, डीएसटी भीलवाड़ा से प्रतापराम, अमृत सिंह, ऋषिराज और पिंटू ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

पुलिस अधीक्षक बोले - ईनामी अपराधियों के खिलाफ जारी रहेगा अभियान

एसपी धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि वांछित एवं इनामी अपराधियों की धरपकड़ के लिए जिला पुलिस प्रतिबद्ध है, और इस तरह के सघन अभियान लगातार जारी रहेंगे। उन्होंने टीम को उत्कृष्ट कार्य के लिए शाबाशी और प्रशंसा पत्र देने की घोषणा की।

## करंट की चपेट में युवक की मौत, माली समाज का मोर्चरी व डिस्कॉम कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

शहर के सदर थाना क्षेत्र के तेलीखेड़ा गांव में घर के बाहर बिजली विभाग की डीपी (डिस्ट्रीब्यूशन पॉइंट) से फैल रहे करंट की चपेट में आने से गुरुवार



रात एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। घटना के विरोध में शुक्रवार सुबह माली समाज के सैकड़ों लोग जिला अस्पताल की मोर्चरी और फिर डिस्कॉम कार्यालय पर धरने पर बैठ गए। समाज की ओर से मृतक के परिजनों को 50 लाख रुपये मुआवजा, एक परिजन को सरकारी नौकरी और लापरवाह अधिकारियों को निलंबित करने की मांग की गई। बाद में बिजली निगम द्वारा आर्थिक सहायता के आश्वासन के बाद प्रदर्शन समाप्त हुआ।

**करंट से गई जान, पूर्व में कई बार की गई थी शिकायत**

मृतक के भाई तेजमल माली ने सदर थाना पुलिस को रिपोर्ट देते हुए बताया कि बाबूलाल माली (निवासी तेलीखेड़ा, हाल संजय कॉलोनी) गुरुवार रात करीब 10 बजे घर के बाहर निकला, तभी वहां लगी डीपी से फैल रहे करंट की चपेट में आ गया। आसपास मौजूद परिजनों ने उसे कपड़ों की मदद से अलग कर तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

तेजमल ने बताया कि डीपी से लंबे समय से करंट फैल रहा था। इसे लेकर अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड को कई बार शिकायत की गई। सरपंच गोपाल जाट को भी जानकारी दी गई और वीडियो प्रमाण भी अधिकारियों को भेजे गए, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

**माली समाज का प्रदर्शन, कड़ी मांगें रखीं -**

शुक्रवार सुबह घटना की जानकारी फैलते ही बड़ी संख्या में माली समाज के लोग, महिलाएं व परिजन मोर्चरी पर एकत्र हो गए। समाज के लोगों ने दोषियों को बर्खास्त करने, पीड़ित परिवार को 50 लाख रुपये का मुआवजा और एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की मांग को लेकर विरोध जताया।

प्रदर्शनकारियों ने साफ कर दिया कि जब तक मांगें नहीं मानी जातीं, पोस्टमार्टम नहीं होने देंगे और शव नहीं लेंगे।

**पुलिस जाब्ता तैनात, अधिकारियों की समझाइश -**

स्थिति की गंभीरता को देखते हुए डीएसपी सदर श्याम सुंदर विश्नोई, थाना प्रभारी कैलाश विश्नोई, सहित कोतवाली, प्रतापनगर, भीमगंज थानों से पुलिस बल और रिजर्व लाइन से जाब्ता तैनात किया गया। दोपहर बाद समाज प्रतिनिधियों ने डिस्कॉम अधीक्षण अभियंता कार्यालय के बाहर धरना शुरू किया।


**समझाइश और आश्वासन के बाद धरना हुआ समाप्त -**

बिजली निगम के अधिकारियों से चली लंबी बातचीत के बाद आखिरकार आर्थिक सहायता के आश्वासन पर सहमति बनी। शाम करीब 4 बजे धरना समाप्त हुआ, जिसके बाद पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंपा।

## चोरों में थंला देवनारायण मंदिर की दान पेटी का ताला तोड़ा, सीसीटीवी कैमरे की हार्डडिस्क भी ले गए साथ

**भीलवाड़ा फोकस @ आकोला**

कस्बे के निकटवर्ती जीवा का खेड़ा ग्राम पंचायत के थंला गांव में गुरुवार रात को देवनारायण मंदिर के दान पेटी का ताला तोड़ कर नकदी चुरा ली। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि गांव में स्थित देवनारायण श्याम मंदिर पर अज्ञात चोरों ने दान पेटी का ताला तोड़ा तथा उसमें रखी नगदी चुरा ली साथ ही वहां लगे सीसीटीवी कैमरे की हार्डडिस्क भी साथ ले गए। ग्रामीणों को सुबह मंदिर पहुंचने पर जानकारी हुई तो बडलियास थाना पुलिस को इसकी सूचना दी। मौके पर थाना पुलिस पहुंची और आवश्यक कार्रवाई प्रारंभ की। ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र के आकोला गांव में स्थित भेरू खेड़ा भेरुनाथ मंदिर,कांटालाई श्याम देवनारायण मंदिर, तेजाजी मंदिर तथा



रघुनाथपुरा गुफा का बालाजी मंदिर और मेहता जी का खेड़ा मंदिरों के अज्ञात चोरों ने दान पेटी के ताले बीते दिनों तोड़े । जिसका पुलिस प्रशासन अभी तक सुराग नहीं लगा पाया है । जिससे क्षेत्र के ग्रामीणों में रोष व्याप्त है । ग्रामीणों ने प्रशासन से शीघ्र अज्ञात चोरों को पकड़ने की मांग की है।




# श्री देव दरबार ज्वेलर्स का भव्य शुभारंभ



भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

शहर के धानमंडी क्षेत्र में श्री देव दरबार ज्वेलर्स का भव्य शुभारंभ हुआ। लक्ष्मीपुरा निवासी संचालक नरेश जाट के माता-पिता ने इष्ट देव की पूजा-अर्चना के बाद फीता काटकर नए व्यवसाय की शुरुआत की। नरेश जाट ने बताया कि उनके यहां सोने-चांदी के आभूषण पूर्ण शुद्धता और वाजिब कीमतों पर उपलब्ध रहेंगे। त्योहारी सीजन में विशेष ऑफर्स के साथ आभूषणों की विस्तृत श्रृंखला ग्राहकों को उपलब्ध करवाई जाएगी। साथ ही ग्राहकों की पसंद के अनुसार कस्टमाइज डिज़ाइन भी तैयार करवाए जाएंगे। शुभारंभ के पहले दिन से ही ग्राहकों का उत्साह देखने लायक रहा और खरीदारी का सिलसिला दिनभर जारी रहा।

# गोरधा के श्रीमांगटदेव मंदिर में आषाढ़ी नवमी पर गूंजे भजन, भक्तिभाव से सराबोर माहौल में विधायक शत्रुघ्न गौतम ने मंदिर विकास हेतु 10 लाख की घोषणा की





भीलवाड़ा फोकस @ केकड़ी (अजमेर)

दिलखुश मोटीस

आषाढ़ी नवमी के पावन अवसर पर सावर तहसील क्षेत्र के गोरधा गांव में श्री मांगटदेव मंदिर प्रांगण में भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया। धर्म, भक्ति और संस्कृति से ओतप्रोत इस आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

भजन संध्या का शुभारंभ गणेश वंदना से हुआ, जो देर रात भोर तक चली। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक शत्रुघ्न गौतम थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में सावर बावन माता मंडल अध्यक्ष राजवीर हावा, केकड़ी पंचायत समिति के पूर्व सदस्य देवेन्द्र मेघवंशी, तथा विधायक प्रतिनिधि व भाजपा बूथ अध्यक्ष रामचरण मीणा मंचासीन रहे। कार्यक्रम का आयोजन श्रीमांगटदेव नवयुवक मंडल व मोटीस परिवार द्वारा किया गया।

## धर्म और विकास पर बोले विधायक गौतम

विधायक शत्रुघ्न गौतम ने सभी श्रद्धालुओं को आषाढ़ी नवमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस धार्मिक आयोजन में शामिल होकर और बाबा मांगटदेव के दर्शन कर आत्मिक शांति की अनुभूति हुई है। उन्होंने कहा कि गोरधा क्षेत्र के लोगों की धार्मिक एकता सराहनीय है और इसे सदैव बनाए रखना चाहिए।

अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा, ÷डबल इंजन की सरकार गरीब, मजदूर और किसान के लिए समर्पित है। सनातन धर्म की ताकत और मतदाताओं की आस्था से रामलीला मैदान में भगवान राम विराजमान हुए। हमें गर्व है कि हम सनातन संस्कृति में जन्मे हैं और भगवान राम के वंशज हैं।

विधायक ने कहा कि आज भारत विकास के मार्ग पर तीव्र गति से अग्रसर है। उन्होंने जम्मू-कश्मीर के पहलगांव की घटना की निंदा करते हुए उसे धार्मिक आतंकवाद बताया। साथ ही किसानों की आय दोगुनी करने की दिशा में सरकार की प्रतिबद्धता भी जताई।

## विधायक कोष से 10 लाख की घोषणा, मंदिर समिति को 51,000 का दान

विधायक गौतम ने श्री मांगटदेव मंदिर प्रांगण में चारदीवारी निर्माण व टिनशेड हेतु विधायक कोष से ?10 लाख की स्वीकृति की घोषणा की। इसके साथ ही उन्होंने मंदिर समिति को 51,000 का व्यक्तिगत दान भी प्रदान किया। उन्होंने यह भी घोषणा की कि शोक्या खेड़ा बालाजी मंदिर के लिए पक्की सड़क निर्माण कार्य शीघ्र आरंभ किया जाएगा तथा बिसुन्दनी बांध की नहरों का नवीनीकरण किया जाएगा।

## रंगारंग भजन संध्या में झूमे श्रद्धालु

राजस्थानी भक्ति संगीत से ओतप्रोत इस संध्या में मांगट जी का चौक म गोरधा गांव म मीठो गणों बोले म्हारा मौरूड़ा-रे... जैसे भजनों ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। गायक सिताराम लाकड़ा (टोंक), कालू बड़ला, पूजा राजस्थानी और एंजल भीलवाड़ा द्वारा प्रस्तुत भजनों व लोकनृत्य ने श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। श्री बालाजी म्यूजिकल ग्रुप, गणेशपुरा ने भक्ति रस से भरी प्रस्तुति दी।

## सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद

कार्यक्रम के दौरान सावर थाना अधिकारी बनवारीलाल मीणा व कांस्टेबल रमेश मीणा पुलिस जाप्ते के साथ तैनात रहे और संपूर्ण कार्यक्रम शांतिपूर्वक संपन्न हुआ

# अंत्योदय संबल पखवाड़ाः अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहीं जनकल्याणकारी योजनाएं

**ग्रामीणों को मिल रही राहत, कलक्टर स्वयं कर रहे फील्ड निरीक्षण**

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

राज्य सरकार द्वारा 24 जून से चलाया जा रहा पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा जिले में जनसेवा का एक सफल अभियान बन गया है। उद्देश्य है - शासन की योजनाओं को अंतिम पंक्ति तक पहुंचाना और वंचितों को प्राथमिकता देना।

इस अभियान में ग्राम पंचायत स्तर पर प्रतिदिन शिविर आयोजित हो रहे हैं, जिनमें 24 विभागों की 60 से अधिक सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध करवाई जा रही हैं।

जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधु स्वयं फील्ड में जाकर शिविरों का निरीक्षण कर रहे हैं और लाभार्थियों से सीधा संवाद कर रहे हैं।

अब तक अनेक लोगों को स्वामित्व पट्टे, सीमाज्ञान, मृदा कार्ड, बीज वितरण, स्वरोजगार योजनाएं, नल कनेक्शन आदि से लाभ मिल चुका है। पशु चिकित्सा, प्रवेशोत्सव और पौधारोपण जैसे कार्य भी शिविरों में जारी हैं।

गरीबी मुक्त राजस्थान के संकल्प को साकार करने हेतु चयनित परिवारों को योजनाओं से जोड़ने का अभियान तेज़ी से चल रहा है। यह पखवाड़ा 9 जुलाई तक चलेगा और हजारों लोगों को योजनाओं से जोड़ने का लक्ष्य है।

# हरियालो राजस्थान अभियान के तहत जलिंद्री में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित

**कृषकों को वितरित किए गए फलदार, फूलदार एवं छायादार पौधे, पोर्टल पर की गई जियो टैगिंग**

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया

(मानव तिवाड़ी) - राज्य सरकार की पर्यावरणीय पहल हरियालो राजस्थान अभियान के तहत शुक्रवार को जलिंद्री मुख्यालय पर कृषि विभाग द्वारा विशेष पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिला एवं पुरुष कृषकों को जामुन, जंगली जलेबी, कनीर, सदाफुली, पलाश सहित विभिन्न प्रकार के फलदार, फूलदार एवं छायादार पौधे वितरित किए गए। साथ ही कृषकों के सहयोग से सामूहिक पौधारोपण भी सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर कृषि पर्यवेक्षक ओम हरि शर्मा ने उपस्थित कृषकों को पौधों के उचित रखरखाव, सिंचाई, पोषण और संरक्षण संबंधी विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पौधों की शुरुआती



देखभाल यदि वैज्ञानिक तरीके से की जाए, तो वे लंबे समय तक टिकाऊ और फलदायी बनते हैं।

कार्यक्रम के दौरान सभी पौधों की पोर्टल पर जियो टैगिंग के माध्यम से ऑनलाइन एंट्री की गई। इससे पौधारोपण का रिकॉर्ड डिजिटल रूप में संरक्षित रहेगा और भविष्य में उसकी प्रगति की निगरानी संभव होगी। कृषि विभाग के अनुसार, इस प्रकार के कार्यक्रमों से न केवल ग्राम पंचायत क्षेत्र में हरियाली बढ़ेगी, बल्कि इससे मिट्टी की गुणवत्ता, भू-जल स्तर एवं जैव विविधता को भी बढ़ावा मिलेगा। पर्यावरण संरक्षण को लेकर यह एक स्थायी एवं सामुदायिक पहल के रूप में कार्य कर रही है। पौधे प्राप्त करने वाले कृषकों ने इस पहल की सराहना करते हुए नियमित देखभाल, सिंचाई एवं संरक्षण का संकल्प लिया। उनका कहना था कि इस प्रकार की योजनाएं ग्रामीण क्षेत्र में पर्यावरणीय चेतना को बढ़ावा देती हैं।

# गंगापुर पुलिस की कार्रवाई ट्रैक्टर चोरी के एक साल से फरार आरोपी गिरफ्तार

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

पुलिस द्वारा वांछित अपराधियों की धरपकड़ अभियान के तहत थाना गंगापुर पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने एक वर्ष पूर्व हुए ट्रैक्टर चोरी के मामले में एक साल से फरार चल रहे आरोपी मस्तीराम वैष्णव को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस ने बताया को 24 जुलाई 2024 को गंगापुर थाने में महेन्द्र पुत्र पारसमल सुराणा निवासी सहाड़ा ने रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि उसका ट्रैक्टर अज्ञात चोर चोरी कर ले गए हैं। इस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी।

प्रकरण की जांच में कुल 7 आरोपियों के नाम सामने आए थे, जिनमें से 6 को पूर्व में गिरफ्तारी हो चुकी थी। जबकि मुख्य आरोपी मस्तीराम वैष्णव (उम्र 20 वर्ष, निवासी कानपुर, थाना शुभगढ़, जिला भीलवाड़ा) पिछले एक साल से फरार चल रहा था।



पुलिस को तकनीकी विश्लेषण से यह जानकारी मिली कि आरोपी फरारी के दौरान महाराष्ट्र और गुजरात साइड में छिपा हुआ है। टीम ने लगातार निगरानी के बाद उसके चन्द्रशेखर आज़ाद नगर, प्रताप नगर, भीलवाड़ा आने पर दबोच लिया। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया जहाँ से न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है ।

# आयुष्मान योजना बनी मजदूर भागुराम के लिए वरदान

**निःशुल्क ऑपरेशन से मिली पीड़ा से राहत, अंत्योदय शिविर में साझा की अपनी कहानी**

भीलवाड़ा फोकस @ आसींद

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा के तहत नेगड़िया (ब्लॉक आसींद) में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में भागुराम बलाई (उम्र 50 वर्ष, निवासी साबड़दा) ने आयुष्मान योजना से मिले जीवन-रक्षक उपचार की प्रेरक कहानी साझा की।

भागुराम, जो पेशे से मजदूर हैं और अपने 8 सदस्यीय परिवार का भरण-पोषण करते हैं, लंबे समय से किडनी



स्टोन के दर्द से परेशान थे। आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण वे इलाज नहीं करवा पा रहे थे।

स्थानीय एएनएम आशा बैरवा के मार्गदर्शन में उन्हें मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना की जानकारी मिली, जिसके तहत वे बृजेश बांगड़ मेमोरियल हॉस्पिटल में भर्ती हुए। जांच में 8.6 मिमी की पथरी पाई गई, जिसका दूरबीन विधि से सफल ऑपरेशन किया गया।

भागुराम ने कहा, अगर यह योजना नहीं होती तो मैं आज भी पीड़ा में जी रहा होता। सरकार और चिकित्सा टीम का मैं हृदय से आभार प्रकट करता हूँ।÷

'भीलवाड़ा फोकस'
अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।
Mo.– 8696795959
Bhilwarafocus@gmail.com


## QUICK BITES

### तृतीय वेतन श्रृंखला अध्यापकों के स्थानांतरण के लिए नीति बनाने की मांग

#### विधायक अशोक कोठारी ने शिक्षा मंत्री को लिखा पत्र

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

विधायक अशोक कोठारी ने शिक्षा मंत्री मदन दिलावर को पत्र लिखकर तृतीय वेतन श्रृंखला के अध्यापकों के स्थानांतरण के लिए स्पष्ट और न्यायसंगत नीति बनाए जाने की मांग की है। उन्होंने पत्र में कहा कि प्रदेश में 2.5 लाख से अधिक अध्यापक लंबे समय से स्थानांतरण नीति के अभाव में परेशानी झेल रहे हैं, विशेषकर महिला शिक्षिकाएं जो परिवार से दूर कार्यरत हैं।

कोठारी ने सुझाव दिया कि स्थानांतरण प्रक्रिया पारदर्शी और मानवीय आधार पर हो, गंभीर बीमारी, पति-पत्नी साथ पदस्थापन, निकटस्थ नियुक्ति, और विधवा/तलाकशुदा महिलाओं को प्राथमिकता दी जाए।

उन्होंने कहा कि स्थानांतरण एक सामान्य प्रशासनिक प्रक्रिया है और सरकार को इसे लेकर व्यापक नीति बनानी चाहिए। कोठारी ने उम्मीद जताई कि सरकार जल्द इस दिशा में ठोस कदम उठाएगी।

### केकड़ी पुलिस की बड़ी सफलता – 5 साल से फरार डोडा पोस्त तस्कर हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

भीलवाड़ा फोकस @ केकड़ी




( दिलखुश मोटीस )

अजमेर पुलिस अधीक्षक वंदिता राणा के निर्देशन में वांछित अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत केकड़ी पुलिस ने एक बड़ी सफलता प्राप्त की है। पांच वर्षों से फरार चल रहे 220 किलो डोडा पोस्त तस्कर के मामले के मुख्य आरोपी और हिस्ट्रीशीटर पप्पुराम जाट को गिरफ्तार कर लिया गया है। यह कार्रवाई थानाधिकारी कुसुमलता मीणा के नेतृत्व में की गई।

पुलिस ने बताया की 5 दिसंबर 2020 को तत्कालीन थानाधिकारी लक्ष्मण सिंह को सूचना मिली थी कि ग्राम गुलगांव बस स्टैंड के पास एक संदिग्ध इनोवा कार खड़ी है। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर जब तलाशी ली, तो कार से 220 किलो डोडा पोस्त 13 बोरों में बरामद हुआ। मामले में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जाँच शुरू की गई।

प्रारंभिक जांच में नागौर निवासी 10 हज़ार इनामी आरोपी ओमप्रकाश टांडी को गिरफ्तार किया गया था। आगे की जांच में पप्पुराम की संलिप्तता सामने आई, जिसके खिलाफ भी कार्रवाई की गई है ।

पुलिस ने बताया की गिरफ्तार आरोपी पप्पुराम थाना सदर, नागौर का हिस्ट्रीशीटर है। वह मादक पदार्थ तस्करी के अलावा अपहरण, मारपीट और धोखाधड़ी जैसे गंभीर मामलों में भी लिप्त रहा है। वह लगातार अपना ठिकाना बदलकर पुलिस को चकमा दे रहा था, जिससे यह गिरफ्तारी चुनौतीपूर्ण रही।

कार्रवाई में थानाधिकारी कुसुमलता मीणा के साथ कालूराम, राजेन्द्र, तेजमल, नीरज सिंह, संजीव, कन्हैयालाल तथा नागौर की डीएसटी टीम के नेमीचंद ने अहम भूमिका निभाई।

फिलहाल अन्य संभावित आरोपियों की भूमिका की जांच जारी है।

### एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत न्यायालय परिसर में पौधरोपण

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया



अभिभाषक परिषद बिजोलिया द्वारा एक पेड़ माँ के नाम÷ अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को न्यायालय परिसर में सीसम, बड़, पीपल और क्रंच के पौधे रोपे गए। परिषद की ओर से समय-समय पर पौधरोपण कर उनकी नियमित देखभाल की जा रही है।

इस अवसर पर एपीपी रिपेंद्र चौबे, अधिवक्ता लक्ष्मीलाल सुराणा, ब्रह्म प्रकाश तिवाड़ी, पंकज धाकड़, अनिल धाकड़, घनश्याम धाकड़, नरेश सिंह तंवर, गौरव शर्मा, ओमप्रकाश धाकड़, संजय धाकड़ और सुनील धाकड़ उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण के प्रति समाज को जागरूक करने का संदेश दिया गया।

# सलावटिया शिविर में समस्याओं का मौके पर हुआ समाधान, ग्रामीणों ने जताया प्रशासन पर विश्वास

## नामांतरण, रास्ता खुलवाने से लेकर मृदा कार्ड तक–जन समस्याओं पर दिखा त्वरित एक्शन

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया

( रमेश गुर्जर ) - राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजना पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय समबल पखवाड़ा 2025 के अंतर्गत शुक्रवार को बिजौलिया उपखंड की ग्राम पंचायत सलावटिया में विशेष शिविर का आयोजन किया गया। उपखंड अधिकारी अजीत सिंह राठौड़ की अध्यक्षता में आयोजित इस शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया और अपनी विभिन्न समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं।

प्रशासन ने मौके पर ही कई प्रकरणों का त्वरित निस्तारण कर ग्रामवासियों का विश्वास अर्जित किया।




शिविर में 2 भूमि बंटवारे , 6 अवरुद्ध रास्तों का खुलासा , 8 नामांतरण प्रकरणों का निपटारा, 3 पत्थरगढ़ी की कार्रवाई पूर्ण , 5 सीमा ज्ञान एवं मृदा स्वास्थ्य कार्ड बनाए एवं वितरित किए गए

इस दौरान ग्राम झाड़ोली निवासी दुर्गाशंकर पुत्र चांदमल अहीर ने अपने राजस्व रिकॉर्ड में नाम सुधार हेतु आवेदन प्रस्तुत किया। तहसीलदार ललित कुमार डीडवानिया ने मौके पर जांच कर उचित संशोधन कर नाम दुरुस्त किया। दुर्गाशंकर ने प्रशासन का आभार जताते हुए कहा कि वर्षों से लंबित यह समस्या अब जाकर हल हुई है।

वही दूसरे प्रकरण में ग्राम झाड़ोली में एक सार्वजनिक रास्ता वर्षों से पत्थरों द्वारा अवरुद्ध था। ग्रामीणों द्वारा यह मुद्दा शिविर में उठाया गया। प्रशासन ने मौके पर निरीक्षण कर तत्काल ट्रैक्टर व मशीन की मदद से रास्ता खुलवाया। इस पहल से ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ गई। उपस्थित लोगों ने इस त्वरित कार्रवाई के लिए उपखंड प्रशासन की सराहना की।

शिविर में राजस्व, कृषि, महिला एवं बाल विकास, सामाजिक न्याय, चिकित्सा, रोजगार और पंचायत विभाग के प्रतिनिधियों ने भाग लिया और ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं की जानकारी एवं सेवा प्रदान की।

# मुहर्रम को लेकर शांति समिति बैठक सम्पन्न, सामाजिक समरसता के संदेश के साथ हुआ पौधरोपण





भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया

आगामी मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर शुक्रवार को बिजौलिया थाना परिसर में शांति समिति सीएलजी बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता डिप्टी एसपी बाबूलाल विश्नोई ने की, जिसमें तहसीलदार ललित कुमार डिडवानिया , अधिशासी अधिकारी पंकज कुमार मंगल एवं थानाधिकारी लोकपाल सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे।

डीएसपी विश्नोई ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि सीएलजी सदस्य प्रशासन और आमजन के बीच सेतु की तरह कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि त्योहारों के दौरान किसी भी प्रकार की अफवाह या विवाद की आशंका को समय रहते समाप्त करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

उन्होंने सभी समुदायों से सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने की अपील की और कहा कि एकता और शांति ही त्योहारों की असली पहचान है।

डीएसपी ने विशेष रूप से सोशल मीडिया के बढ़ते प्रभाव को ध्यान में रखते हुए चेताया कि किसी भी आपत्तिजनक पोस्ट, टिप्पणी या अफवाह से बचें। उन्होंने कहा कि कोई भी भ्रामक सामग्री कानूनन दंडनीय है और ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की जाएगी।

बैठक के बाद थाना परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया।

डीएसपी विश्नोई, तहसीलदार डिडवानिया, थानाधिकारी लोकपाल सिंह सहित अन्य अधिकारियों एवं सीएलजी सदस्यों ने मिलकर विभिन्न छायादार व फलदार पौधे लगाए और हरियाली व स्वच्छ पर्यावरण का संदेश दिया।

बैठक में शक्तिनारायण शर्मा, रमेश गुरुजी, वेदप्रकाश तिवाड़ी, राजेंद्र तंवर, भवानी शंकर शर्मा, इमरान हुसैन, अबीबुर रहमान सहित मुस्लिम समाज के प्रतिनिधि एवं विभिन्न वार्डों से सीएलजी सदस्य उपस्थित रहे।

सभी ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग का भरोसा देते हुए शांतिपूर्ण पर्व आयोजन की प्रतिबद्धता जताई।

# डीएसटी टीम और पुर थाने की बड़ी कार्रवाई – मादक पदार्थ तस्करी में वांछित 15 हजार का इनामी हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के निर्देशन में अवैध मादक पदार्थ तस्करों और फरार वांछित अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत डीएसटी टीम भीलवाड़ा और थाना पुर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने करीब दो वर्षों से फरार चल रहे 15 हजार रुपये के इनामी वांछित अपराधी को गिरफ्तार किया है, जो जिला नागौर के थाना नावा का हिस्ट्रीशीटर है।




पुलिस ने बताया कि 8 फरवरी 2023 को थाना पुर क्षेत्र में एनएच-48 पर एक लावारिस इनोवा वाहन खड़ी मिली , जिसमें 215 किलो अफीम डोडा चुरा बरामद हुआ था। जिस पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया। वाहन के इंजन नंबर और चेचिस नंबर के आधार पर यह सामने आया कि यह वाहन चोरी का था, जिसकी एफआईआर थाना चोमू, जयपुर में दर्ज थी।

प्रकरण के अनुसंधान में अजमेर निवासी हरिकिशन गुर्जर, कालू मोहम्मद , नन्दलाल उर्फ नन्दा गुर्जर , कालू राम जाट को पूर्व में गिरफ्तार किया जा चुका है। पूर्व में पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ में उन्होंने राजेन्द्र उर्फ राजू जाट द्वारा वाहन उपलब्ध कराने की बात कही गई । तब से मामले में मुख्य आरोपी राजेन्द्र उर्फ राजू जाट उर्फ लालाराम उर्फ लालूराम जाट (उम्र 30, निवासी कोठवलियो की ढाणी , थाना नाँवा , जिला नागौर) घटना के बाद से फरार चल रहा था और पुलिस उसकी तलाश में जुटी थी। आरोपी का हिस्ट्रीशीटर रिकॉर्ड थाना नावा में दर्ज है। उस पर पहले से 6 प्रकरण पोक्सो, एक्साइज, वाहन चोरी और मादक पदार्थ तस्करी के दर्ज हैं।

विशेष अनुसंधान के बाद आरोपी का लोकेशन ट्रेस कर डीएसटी टीम और थाना पुर पुलिस ने संयुक्त रूप से दबिश देकर उसे गिरफ्तार कर लिया।

# जुलाई से सितंबर तक चलेगा 'संतृप्ति अभियान'

## ग्राम पंचायत स्तर पर शिविरों के माध्यम से जनधन, बीमा, पेंशन योजनाओं का होगा क्रियान्वयन

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिले में जुलाई से सितंबर माह तक 'संतृप्ति अभियान' चलाया जाएगा । जिसके तहत ग्राम पंचायत स्तर पर शिविर लगाकर आमजन को चार महत्वपूर्ण वित्तीय योजनाओं का लाभ पहुंचाया जाएगा। इस संबंध में जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट के वीसी कक्ष में जिला व ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर अभियान की कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा की।

### जनधन योजना में नए खाते, निष्क्रिय खातों का सत्यापन

जिला कलेक्टर ने निर्देश दिए कि शिविरों में प्रधानमंत्री जनधन योजना के अंतर्गत नए बैंक खाते खोले जाएं और निष्क्रिय खातों का पुनः सत्यापन किया जाए। लीड बैंक मैनेजर ने जानकारी दी कि वर्तमान में जिले में 16 लाख से अधिक जनधन खाते संचालित हैं। अभियान के दौरान लगभग 1 लाख 30 हजार नए खाते खोलने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

### बीमा योजनाएंः सुरक्षा व जीवन ज्योति बीमा में भागीदारी बढ़ाएं

कलेक्टर ने कहा कि प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (20 प्रीमियम पर 2 लाख का कवर) और प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (436 प्रीमियम पर 2 लाख का कवर) की जानकारी ग्रामीणों तक पहुंचाई जाए।

उन्होंने बैंक अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे ग्रामवासियों को इन बीमा योजनाओं के प्रति जागरूक करें और अधिक से अधिक पात्र व्यक्तियों को जोड़ें।

### अटल पेंशन योजना के प्रति करें प्रेरित

कलेक्टर संधू ने अटल पेंशन योजना को भी अभियान में शामिल करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के जरूरतमंद व असंगठित क्षेत्र में कार्यरत श्रमिकों को इस योजना के प्रति प्रेरित किया जाए, ताकि उन्हें वृद्धावस्था में वित्तीय सुरक्षा मिल सके।

### राजीविका, आशा, आंगनबाड़ी, मनरेगा श्रमिकों को जोड़ने के निर्देश

उन्होंने महिला अधिकारिता, महिला एवं बाल विकास, चिकित्सा, समाज कल्याण विभाग व राजीविका के अधिकारियों को निर्देश दिए कि राजीविका समूह, आशा, साथिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व मनरेगा श्रमिकों को अभियान से जोड़ा जाए, ताकि अधिकतम लाभार्थी लाभान्वित हो सकें।

### शिविरों की मॉनिटरिंग और प्रचार पर जोर

कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को शिविरों की सक्रिय मॉनिटरिंग और व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, जिससे अधिक से अधिक ग्रामीण इन शिविरों में भाग ले सकें।





### पूर्व सूचना के साथ आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराएं

उन्होंने स्पष्ट किया कि आमजन को पूर्व में ही आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी दी जाए, जिससे वे पूर्ण तैयारी के साथ शिविरों में उपस्थित होकर तुरंत लाभ ले सकें।

साथ ही, बैंक प्रतिनिधियों को सजग रहकर त्वरित सेवा देने के निर्देश भी दिए गए हैं।

### वित्तीय समावेशन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम

जिला कलेक्टर ने कहा कि यह अभियान गांव-गांव तक बैंकिंग, बीमा एवं पेंशन जैसी वित्तीय सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। इसका उद्देश्य आमजन को सशक्त बनाना और सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे पहुंचाना है।

### बैठक में रहे ये अधिकारी उपस्थित

इस बैठक में जिला परिषद सीईओ श्री चंद्रभान सिंह भाटी, मुख्य आयोजना अधिकारी श्रीमती सोनल राज, महिला एवं बाल विकास उप निदेशक राजकुमारी खोरवाल, सीएमएचओ डॉ. सीपी गोस्वामी, महिला अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक श्री नगेंद्र तोलंबिया सहित संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# सवाईपुर के छात्रों ने बढ़ाया गांव और विद्यालय का मान

## कृष्ण पाल का सेना में चयन, अविष्कार साल्वी का जयपुर हॉकी एकेडमी में प्रवेश

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर





राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सवाईपुर के दो छात्रों ने अपनी उपलब्धियों से गांव और विद्यालय का नाम रोशन किया है।

विद्यालय की प्रधानाचार्य डॉ. प्रतिष्ठा ठाकुर ने बताया कि पूर्व छात्र कृष्ण पाल सिंह राठौड़ का चयन केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल में कांस्टेबल पद पर हुआ है। वे वर्तमान में ओडिशा के मुंडली में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। वहीं, कक्षा 10 के छात्र अविष्कार साल्वी का चयन सवाई मानसिंह हॉकी एकेडमी, जयपुर में हुआ है। वह विद्यालय की हॉकी टीम का उत्कृष्ट खिलाड़ी रहा है।

विद्यालय परिवार ने दोनों छात्रों का माल्यार्पण कर , तिलक लगा और मिठाई खिला स्वागत कर अभिनंदन किया। प्रधानाचार्य ने उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

# वैश्य युवाओं ने समयपूर्व रक्तदान कर निभाया सामाजिक दायित्व

## रक्तदान शिविर में अनुपस्थित रहने वाले युवाओं ने पहले ही रक्तदान कर वैश्य एकता और जनसेवा का दिया सशक्त संदेश

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाडा



अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के स्थापना दिवस 6 जुलाई पर आयोजित होने वाले विशाल रक्तदान शिविर में सम्मिलित नहीं हो पाने वाले भीलवाड़ा के वैश्य युवाओं ने एक प्रेरणादायी मिसाल पेश की है। खाटू श्याम दर्शन के कारण शिविर में अनुपस्थित रहने वाले इन युवाओं ने शुक्रवार को ही समयपूर्व रक्तदान कर समाज सेवा और वैश्य एकता का सराहनीय उदाहरण प्रस्तुत किया। इस अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय वैश्य फेडरेशन के युवा जिला अध्यक्ष राघव कोठारी ने बताया कि अरिहंत हॉस्पिटल, शास्त्री नगर में एक विशेष रक्तदान शिविर आयोजित किया गया, जिसमें रोहित लोढ़ा, सीए अंकित काष्ट, अमित कुमार बिड़ला (माण्डल) और अमित गोयल ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। युवाओं के इस सेवा संकल्प की सराहना हेतु आयोजन स्थल पर अंतर्राष्ट्रीय वैश्य फेडरेशन जिलाध्यक्ष रामेश्वर काबरा, प्रदेश मंत्री कल्पेश चौधरी, संयोजक लोकेश अग्रवाल, जिला महामंत्री आशीष अग्रवाल, सीए वैभव बिंदल, अभिषेक चंडालिया, चेतन अग्रवाल, अभिषेक बाहेती, शशांक जैथलिया सहित कई समाजसेवी कार्यकर्ता उपस्थित रहे। 6 जुलाई को अग्रसेन भवन, शास्त्री नगर, भीलवाड़ा में प्रातः 10 बजे से शाम 6 बजे तक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा, जिसमें प्रदेशस्तरीय 5000 यूनिट रक्त संग्रह का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

इस पूर्व रक्तदान शिविर में अरिहंत हॉस्पिटल ब्लड बैंक टीम डॉ. एसएस. सोनी, धनराज वैष्णव और विनोद धाकड़ का सहयोग अत्यंत सराहनीय रहा।

## QUICK BITES

### शाहपुरा समिति की दुकान पर खाद में घटतौली का मामला, कृषि विभाग ने दुकान की सीज

#### काश्तकार को 10 किलो कम देने पर कार्रवाई, सैकड़ों बैग खाद जब्त, सेंपल जांच को भेजे

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा



**(पेसवानी)** शाहपुरा क्रय-विक्रय सहकारी समिति लिमिटेड की बस स्टैंड स्थित दुकान पर खाद की घटतौली के गंभीर मामले में कृषि विभाग ने सख्त कार्रवाई करते हुए दुकान को सीज कर दिया है। काश्तकार को 10 किलो कम खाद दिए जाने की शिकायत पर विभाग की तीन सदस्यीय टीम ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई को अंजाम दिया। इस दौरान दुकान में मौजूद संपूर्ण खाद का स्टॉक जब्त कर समिति की मेन ब्रांच को सुपुर्द किया गया है। टीम ने मौके से खाद के सेंपल लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भी भेज दिए हैं। कृषि विभाग की कार्रवाई में गुलाबपुरा के फसल प्रभारी कृषि अधिकारी प्रभुलाल जाट, पौध संरक्षण अधिकारी भगवत सिंह राणावत, और शाहपुरा के सहायक कृषि अधिकारी प्रथम डॉ. दीपक कुमार कोली शामिल रहे। टीम ने दो दिन पहले छापा मारकर दुकान की जांच की और घटतौली की पुष्टि होते ही तत्काल दुकान को सील कर दिया।

कार्रवाई के दौरान काश्तकार भगवान सिंह यादव को मौके पर बुलाया गया, जिन्होंने लिखित में शिकायत दी कि उन्हें खाद के कट्टे में 10 किलो कम खाद दी गई थी। शिकायत की पुष्टि के बाद विभाग ने दुकान संचालक राजेंद्र बंग की दुकान से 300 बैग यूरिया, 245 बैग कंपोस्ट खाद और 360 नेना यूरिया लिक्विड बोतल जब्त कीं। सभी स्टॉक को समिति की मुख्य शाखा को सुपुर्द किया गया। टीम ने बताया कि जब्त खाद के सेंपल प्रयोगशाला में जांच के लिए भेजे गए हैं। रिपोर्ट के आधार पर आगे की विधिवत कार्रवाई की जाएगी। यदि खाद की गुणवत्ता भी खराब पाई जाती है, तो और कड़ी कार्रवाई की जा सकती है।

इस कार्रवाई के बाद शाहपुरा क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गया है। अन्य दुकानों और संस्थानों में भी अब सतर्कता बढ़ गई है। किसान संगठनों ने विभाग की त्वरित कार्रवाई की सराहना करते हुए मांग की है कि ऐसे मामलों में समयबद्ध जांच कर दोषियों पर कठोर कार्रवाई की जाए।

बायो गोल्ड खाद पाया गया पुराना स्टॉक--

जांच में यह भी सामने आया कि दुकान में जो बायो गोल्ड खाद बेचा जा रहा था, वह काफी पुराना स्टॉक था। यह खाद समिति की फुलियाकलां शाखा के बंद होने के बाद वहां से धीरे-धीरे लाकर बेचा जा रहा था। पुराने खाद को बिना जानकारी और निरीक्षण के बेचना नियमों के विरुद्ध है और किसानों के लिए हानिकारक भी हो सकता है।

#### लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी-

कृषि विभाग के अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि किसानों के हक और गुणवत्ता से समझौता करने वाले किसी भी व्यापारी या संस्था को बख्शा नहीं जाएगा। किसानों से अपील की गई है कि वे खाद या बीज में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी पाए जाने पर तुरंत विभाग से संपर्क करें।

### काछोला पुलिस की बड़ी कार्रवाईः 45 किलो अफीम डोडा चुरा जब्त, पंजाब के तीन तस्कर गिरफ्तार , रोडवेज बस में पकड़ी तस्करी

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



नशा तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस थाना काछोला ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए 45.090 किलो अफीम डोडा चुरा जब्त किया है। इस प्रकरण में पंजाब के तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें दो महिलाएं भी शामिल हैं।

थानाधिकारी श्रद्धा पचोरी के नेतृत्व में गठित टीम ने यह कार्रवाई रोडवेज बस में तलाशी के दौरान की है । सूचना के आधार पर चित्तौड़गढ़ से जयपुर जा रही बस की जांच में एक बैग से भारी मात्रा में अफीम डोडा चुरा बरामद हुआ। मौके से निर्मल सिंह (33 वर्ष), निवासी थाना समालसर, जिला मोगा (पंजाब) , कर्मजीत कौर (59 वर्ष), पत्नी दर्शन सिंह, निवासी मानसा , पंजाब , जसवीर कौर (46 वर्ष), पत्नी लखबीर सिंह, निवासी सुखानंद समालसर पंजाब को हिरासत में लिया है पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया है।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट के सामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890